एक नजर में

पिछले 24 घंटों में जिले में 9 .8 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

खंडवा । जिले में गत चौबीस घंटों में 9 .8 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे में पुनासा तहसील में 9 मिलीमीटर और हरसूद तहसील में 40 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इसके अलावा खण्डवा, पंधाना एवं खालवा तहसील में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 28 जुलाई तक 389 .6 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 296 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 340 मिली मीटर हरसूद तहसील में 308 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 239 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 236 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 357 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

खंड स्तरीय रोजगार मेले में 46 युवा चयनित



खंडवा । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खंडवा डॉ . नागार्जुन बी . गौड़ा के मार्गदर्शन में खंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन विकासखंड खंडवा में सोमवार को आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 8 कंपनियों द्वारा भाग लिया गया। इनमें बॉम्बे इंटेलिजेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बॉम्बे, एलआईसी खण्डवा, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल लिमिटेड अहमदाबाद, कैप्सटोन सिक्युरिटी हैदराबाद, महिमा फाइबर्स भीकनगांव, प्रतिभा सिंटेक्स पीथमपुर, आरसेटी खंडवा तथा वर्धमान कंपनी शामिल हैं। इन सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा रोजगार मेले में उपस्थित होकर योग्यता अनुसार युवाओं का चयन किया गया। कुल 132 युवाओं द्वारा पंजीयन कराया गया, जिसमें से 46 का चयन का विभिन्न पदों पर किया गया।

नगर विकास समिति द्वारा सम्मान पत्र दिया

नर्मदा नगर । नर्मदा नगर से इंदौर यात्री बस चालू होने पर नर्मदा नगर विकास समन्वय समिति के द्वारा कई वर्षों के संघर्ष के बाद सीधी बस सेवा 10 वर्ष के बाद चालू हुई । समिति द्वारा निरंतर विभाग की पत्राचार जनप्रतिनिधियों को अवगत कराना स्थानीय पत्रकारों द्वारा भी समय-समय पर पत्रकारिता के माध्यम से यात्री बस प्रारंभ किए जाने के संबंध में विस्तार से खबर प्रकाशित की गई। नगर वासियों ने जो जन सहयोग मिला वह सराहनीय है। परिवहन विभाग के आयुक्त इंदौर द्वारा सराहनीयकार्य किया गया और परमिट जारी किया गया। नगर विकास समिति द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया। नगर विकास समिति द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते सम्मान पत्र दिया गया। नगर विकास समन्वय समिति अध्यक्ष बी सिग, सचिव आनंद प्रकाश चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष सुशील जैन, संतोष मानिक कोषाध्यक्ष और आरखान संरक्षक एलएन गौर, सरपंच मेहश जायसवाल एवं सलाहकार समिति सदस्य प्रकाश पुरी, एसके शुक्ला, पी एसबिलिया, रामगोपाल वर्मा, संचालक सदस्य टी सीलाड़, बी आर जामले, लखनलाल राठौर एवं अन्य गणमानय उपस्थित थे।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर वाहन चालकों के विरुद्ध हुई कार्रवाई

खंडवा । जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले 10 वाहन चालकों के विरुद्ध एम .व्ही . एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 3600/-रुपए वसूल किए गए है।

32 पर बाउंड ओवर की कार्रवाई

खंडवा । जिले के विभिन्न थानों में 49 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 28 प्रकरणों मे 44 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 129 बीएनएसएस के तहत 02 प्रकरण मे 02 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 02 प्रकरण मे 03 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 32 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में 02 गिरफ़्तारी वारंट, 06 जमानती वारंट, 11 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना पदमनगर की आरोपिया अनिता पति छगनलाल राठौर 42 वर्ष निवासी इन्दौर नाका पावर हाउस के पीछे के कब्जे से प्लेन देशी मदिरा शराब के 16 क्वाटर कीमती करीबन 1280 /-रूपए की जप्त की गई। थाना पिपलोद के आरोपी किशोर पिता श्यामलाल जाति बलाही उम्र 42 साल निवासी सेमलिया के कब्जे से 8 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 800/-रुपए की जप्त की गई। उपरोक्त सभी आरोपियो के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

जिला जेल परिसर में स्वास्थ्य शिविर

खंडवा । जिला जेल परिसर खंडवा में सोमवार को विश्व हैपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जन जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ . नितिन कपूर ने सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें हैपेटाइटिस बी, सी, एच .आई .वी . तपैदिक एवं मौसमी बीमारियों से बचाव निदान एवं उपचार से संबंधित जानकारी दी। जिला चिकित्सालय से उपस्थित टीम ने हैपेटाइटिस बी, हैपेटाइटिस सी, एच .आई .वी . एड्स, तपैदिक विषय पर काउंसलिंग कर सभी कैदियों का रक्त नमूना लेकर एच .आई .वी ., हैपेटाइटिस बी, व सी, तथा सिफलिस की जांच की। जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ . शक्ति सिंह राठौड़ के सहयोग से 26 कैदियों का स्पूटम कलेक्शन किया गया एवं रेडियो ग्राफर सुमित साहू द्वारा हैंड होल्ड एक्स-रे मशीन से उनकी जांच की गई। जिला जेल अधीक्षक अदिति चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ . अनिरुद्ध कौशल एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ . रुपेश चौधरी से समन्वय करते हुए शिविर का सफल संचालन हुआ। इसी क्रम में श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में भी मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने इस बीमारी से होने वाली हानियां तथा लिवर से जुड़े इंफेक्शन के बारे में जागरूक कर चलो इसे तोड़ दें थीम पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट डॉ . रंजीत बडोले, डॉ . विशाल श्रीवास्तव, डॉ . पडमीरा फर्नांडिस, नर्सिंग ऑफिसर वर्षा, नमिता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

28 मोतियाबिंद मरीज को नि :शुल्क सर्जरी के लिए भेजा गया इंदौर

खंडवा । राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छैगांवमाखन में नि :शुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित कर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ . आनंद ओनकर द्वारा मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में 65 मरीजों की आँखों की जाँच के उपरांत 32 मरीजों को मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए चयनित किया गया। मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चयनित 28 मरीजों को नि :शुल्क ऑपरेशन के लिए शंकरा आई सेंटर इन्दौर भेजा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ . ओ .पी . जुगतावत ने बताया कि सर्जरी के लिए चयनित मरीजों को आने जाने, रहने व खाने पीने की सभी सुविधाएं नि :शुल्क दी जाएगी।

ओमकारजी के चहेतों ने जोश व उत्साह के साथ मनाया जश्न

नवभारत न्यूज

ओंकारेश्वर। ज्योतिर्लिंग वाली यह नगरी सावन में भक्तिमय हो गई है। देशभर के श्रद्धालु इन्हीं दिनों में अपने प्रिय ओंकारजी के दर्शन चाहते हैं। महाराष्ट्र और गुजरात का सावन भी शुरू हो चुका है।

सावन के तीसरे सोमवार, ओंकारेश्वर और ममलेश्वर दोनों जगह आस्था वानो का कौतूहल साफ नजर आया। कई घंटे में दर्शन हुए। नर्मदा का वेग और ओंकारेश्वर के साथ पंचकोसी परिक्रमा पथ पर भी भीड़ दिखी। भगवान शिव के दर्शन के साथ प्रकृति का मनमोहक नजारा भी लोगों ने जी भरकर निहारा।

ममलेश्वर का भी आकर्षक श्रंगार

दक्षिण तट परश्री ममलेश्वर मंदिर में महाश्रृंगार किया गया। 3 बजे सजी है हुई पालकी मेसवार होकर गौ मुख घाट में सवार होकर श्री ममलेश्वर महाराज धूमधाम से ढोल की थाप पर मंदिर से निकलें।

ऊफनती नर्मदा में पालकियां!

दोनों पालकियों को नर्मदाजी में नौका विहार कराया गया। दोनों पालकियों को गौ मुख घाट पर उतारा गया। दोनों पालकियों के साथ हजारों भक्त भोले शंभू, भोले नाथ का उद्घोष करते हुए 51 ढोल की थप पर भाव विभोर होकर नाचते रहें।

शहर भर में ऐसे घूमे महाराज

पालकियों को धूमधाम और श्रद्धा के साथ आगे बढ़ाते हुए काशी विश्वनाथ, बालवाड़ी, पुराना बस स्टैंड, मुख्य मार्ग से जेपी चौक से पुराना पुल पार कर मुख्य बाजार होकर रात्रि 10 बजे वापिस मंदिर पहुंचे।

गुलाब की पंखुड़ियां उड़ीं

महाआरती के साथ महाभिषेक हुआ। इस अवसर पर गुलाल और गुलाब की पंखुड़ी उड़ाई गईं। पवित्र नर्मदाजी के जल में सजी हुई नौकाओं में नौका भ्रमण कराया गया। पानी अधिक होने से नौका संचालन बंद था। इसलिए पालकी घुमाने नौकाएं सीमित रखी गई थी।

सावन की तीसरी सवारी निकली

श्रावण मास के तीसरी महासवारी धूमधाम से निकली। तीसरी महासवारी पर ओंकारजी महाराज अपराह्न 3 बजे कोटितीर्थ घाट पर पहुंचें। ओमकारजी महादेव भगवान का विद्वान पंडितों द्वारा वेद मंत्र के साथ महाभिषेक किया। 251 लीटर दूध, दही, शहद, घी, शक्कर से ओंकारेजी महाराज का षोडशोपचार पूजा अभिषेक किया गया। पंडितों द्वारा गगनभेदी मंत्रोंच्चार के साथ कराया गया।

हरियाली यात्रा एवं पौधारोपण का आयोजन

नवभारत न्यूज

खंडवा। विकासखंड छैगांव माखन जिला खंडवा में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जावर द्वारा सोमवार को ग्राम अहमदपुर में नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत गांव की महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए भव्य कलश यात्रा ग्राम पंचायत से प्रारंभ होकर संत सिंगाजी मंदिर भवन तक पहुंची एवं महिलाओं द्वारा सिंगाजी मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में इस हरियाली यात्रा के माध्यम से महिलाओं ने पूरे गांव में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। ग्रामिणो ने भी पौधारोपण कर कार्यक्रम को सार्थक स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी ललिता शंकर पाटिल उपस्थित रहे। साथ ही आयुष विभाग डॉ सुदर्शन, जिला समन्वयक जगदीश पटेल ब्लॉक समन्वयक राजकुमार मालाकार, सरपंच ममता मनोज बारंगा, ग्राम पंचायत जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजसिंह सोलंकी, नवांकुर संस्था प्रमुख नारायण फरकले, संत सिंगाजी समिति गोपाल पाटिल ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इसके अतिरिक्त जन अभियान परिषद विकासखंड छैगांव माखन के परामर्शदाता मूलचंद मौर्य, ग्राम संगठन अध्यक्ष श्री संतोष सहित बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, सामूहिक सहभागिता और महिला सशक्तिकरण का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। ग्रामीणों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन मूलचंद मौर्य द्वारा एवं समापन आभार प्रदर्शन के साथ संस्था मनीष धीमान के द्वारा किया गया।

चलाया गया सफाई एवं सौंदर्यीकरण अभियान

खंडवा । नगरीय स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी से सशक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा पर्यटन स्थलों, स्मारकों और उद्यानों में विशेष सफाई एवं सौंदर्यीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को नागचुन तालाब पर एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में श्री दादाजी स्वच्छता ग्रुप के सदस्यों ने श्रमदान करते हुए तालाब परिसर से झाड़ियां हटाईं और करीब 8 बोरी कचरा एकत्रित किया। कार्यक्रम में नगर निगम की ओर से झोन प्रभारी जाकिर अहमद, भुवन श्रीमाली, वार्ड प्रभारी कमल तायड़े एवं श्री जय रल की उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त ड्रश्वष्ट टीम से रवि शर्मा, दीपमाला कटारे, दीपिका श्रीवास तथा निगम कर्मचारीगण भी इस अभियान में सम्मिलित रहे। नगर निगम का उद्देश्य है कि शहर के प्रमुख स्थलों को न केवल स्वच्छ बल्कि पर्यटक अनुकूल भी बनाया जाए ताकि खंडवा एक साफ-सुथरे और सुंदर शहर के रूप में पहचाना जा सके।

महिला पर दराती से हमला करने वाले को 1 साल की सजा

नवभारत न्यूज

खंडवा। दंराती से मारपीट करने वाले आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रचना अतुलकर जोशी, खण्डवा की न्यायालय ने फैसला दिया।

आरोपी मलखान सिंह पिता प्रतापसिंह उम्र-40 वर्ष निवासी ग्राम साउखेडा जिला खण्डवा को एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी, मो. जाहिद खान द्वारा किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी शहरिप्रसाद बांके, एडीपीओ. ने बताया कि, फरियादी उमेंन सिंह द्वारा थाना जावर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी । मामला 19 अक्टूबर 2024 का है। उसे दिन शाम करीबन 04 बजे वे और पत्नी उमाबाई दोनों खेत मे सोयाबीन निकलवा रहे थे। सोयाबीन निकालने के बाद थ्रेसर मशीन (हडम्बा) को खेत के सरकारी रास्ते से निकलवा रहे थे। थ्रेसर मशीन (हडम्बा) सरकारी रास्ते से निकल रही थी। तभी वहां पर खेत पडोसी मलखान सिंह आ गया। बोलने लगा कि तुम मेरे खेत मे से थ्रेसर मशीन (हडम्बा) क्यो निकाल रहे हो? मेरी पत्नी उमाबाई ने कहा कि यह सरकारी रास्ता है। मलखान पिता प्रताप ने इसी बात पर से मेरी पत्नी उमाबाई के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा। जिससे मेरी पत्नी को पीठ में चोट लगी। पास मे पडा लंबा दराते से मेरी पत्नी उमाबाई को सिर में बाई तरफ पीछे की ओर मार दिया। जिससे चोट लगकर खून निकलने लगा। पुलिस द्वारा अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

हरियाली तीज पर शिवरिया में निकली कावड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

मून्दी। श्रावण मास तृतीया तिथि पर शिवरिया टाउनशिप में भव्य कावड़ यात्रा निकली गई। जिसमें बड़ी संख्या में कालोनी वासी, महिलाएं व बच्चे शामिल हुए। सुबह 8 बजे कावड़ियों की टोली सिंगाजी धाम के लिए बम भोले का जयकारा लगाते हुए रवाना हुई।

वहाँ माँ नर्मदा में स्नान कर सिगाजी महाराज की पूजा अर्चना कर ये टोली पैदल -पैदल 12.30 बजे शिवरिया टाउनशिप के मुख्य द्वार पर पहुंची। जहाँ मुख्य अभियंता समेत अन्य अभियंताओं, कालोनीवासियो व महिला मंडल ऑफिसर्स क्लब की सदस्यओं ने पुष्प वर्षा व आतिशबाजी कर कावड़ियों का स्वागत किया। फिर ये टोली मुख्य अभियंता निवास पर पहुंची, जहाँ ढोल-मजीरों की थापो पर सभी लोग खूब जमकर नाचे व नाश्ता गृहण कर पूरी कालोनी से गुजरते हुए बजरंग उद्यान पहुँचे। वहाँ भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाकर ये टोली कालोनी के रास्ते गुजरते हुए महामृत्युंजय मंदिर पहुंची। जहाँ पुष्प वर्षा व आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। समस्त कावड़ियों व कालोनी वासियों ने यहां भी भगवान भोलेनाथ नाथ पर जल चढ़ाकर कालोनी की खुशहाली की कामना की।

आरती व प्रसादी के साथ समाप्त हुई इस यात्रा में मुख्य अभियंता शशिकांत मालवीय व अर्चना मालवीय, जी सी जुनेवाल, सुभाष गुप्ता, आर एस अलावा, ए के महाजन, आर डी शर्मा, व्यास मुनि पाठक, शैलेन्द्र सिँह सहित बड़ी संख्या में कालोनिवासी, महिलाएं व बच्चे शामिल हुए। यात्रा को सफल बंनाने हेतू मुख्य अभियंता ने मंदिर समिति के सभी सदस्यों, पंकज पवार, धर्मेंद्र मेवाड़ा, रोशन अग्रवाल, कल्लू शर्मा, के के शर्मा मोहन विश्वकर्मा एवं कालोनी वासियों का आभार व्यक्त किया।

जिलेभर में आज नागपंचमी पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा

नवभारत न्यूज

खंडवा। जिले भर में श्रावण शुक्ल की पंचमी को नागपंचमी पर्व श्रद्धा से मनाया जाएगा। श्रावण के इस पवित्र माह में जहां सभी श्रद्धालु भोले की भक्ति में लीन होते हैं वही नागपंचमी पर नाग मंदिरों और शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेगें यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहेगा। नगर के प्रमुख मंदिरों से छड़ी यात्रा भी निकाली जाएगी।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि हमारा भारत देश धर्म और संस्कृति पर आधारित देश है जहां देवी देवताओं के साथ पेड़ पौधों और पशु पक्षियों के भी पूजा का महत्व है। प्राचीन परंपरा के अनुसार वर्षों से नाग पंचमी के पर्व पर श्रद्धालु नाग देवता की पूजा अर्चना करते हैं। नाग मंदिर में पहुंचकर नाग देवता का पूजन कर पूजन कर श्रीफल और दूध चढ़ाते हैं।

शहर के प्रमुख रामेश्वर कुंड स्थित नाग मंदिर, दीनदयालपुरम स्थित भीलट देव मंदिर, कुंडलेश्वर वार्ड स्थित भीलटदेव मंदिर, ब्राहमणपुरी स्थित श्री भीलटदेव नाग मंदिर, हाटकेश्वर वार्ड स्थित श्री मुकंदराम महाराज नाग मंदिर खंडवा के समीप रोशनाई नाग मंदिर सहित कई मंदिरों में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि वर्षों पूर्व नाग पंचमी के पर्व पर सपेरे बड़ी संख्या में शहर में घूम कर पिलाओ नाग को दूध की गुंज सुनाई देती थी। पशु पक्षी क्रुरता के चलते सपेरे को नाग नागिन का जोड़ा लेकर चलने पर प्रतिबंध वन विभाग द्वारा लगाया गया हें।

मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक — **वेबसाइट के माध्यम से मंदिर से संबंधित जानकारी कहीं भी बैठकर प्राप्त की जा सकती है**

मंदिर की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

खंडवा। ओंकारेश्वर में स्थित ममलेश्वर मंदिर की नवगठित प्रबंधन समिति की पहली बैठक सोमवार को ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम परियोजना कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में कमिश्नर श्री सिंह ने कहा कि मंदिर में प्रचलित परंपराओं में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, सभी परंपराओं का पहले की तरह ही पालन किया जाएगा। कमिश्नर दीपक सिंह ने कहा कि ममलेश्वर मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने तथा वहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को पहले से अधिक सुविधाएं देने के उद्देश्य से मंदिर प्रबंधन समिति का गठन जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रबंधन समिति की अगली बैठक में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाए।

कमिश्नर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि ममलेश्वर मंदिर परिसर में विकास कार्यों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के माध्यम से तैयार कराई जाए, और उसी के अनुसार मंदिर परिसर में विकास कार्य किए जाएं। उन्होंने मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाकर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं के लिए प्रबंधन समिति की तरह ओंकारेश्वर के स्थानीय अधिकारियों को शामिल करते हुए एक कार्यकारी समिति गठित करने के निर्देश भी दिए और कहा कि इस कार्यकारी समिति की बैठक हर माह आयोजित की जाए तथा मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक प्रत्येक 3 माह में आयोजित की जाए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में बताया कि ममलेश्वर मंदिर की वेबसाइट बना ली गई है। वेबसाइट के माध्यम से मंदिर से संबंधित जानकारी कहीं भी बैठकर प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में ममलेश्वर मंदिर के लाइव दर्शन की सुविधा भी वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ममलेश्वर मंदिर में शीघ्र दर्शन, पार्थेश्वर पूजन, कालसर्प पूजन, जलाभिषेक जैसी सुविधाएं भी वेबसाइट के माध्यम से श्रद्धालुओं को ऑनलाइन ही मिलने लगेगी। बैठक में ममलेश्वर मंदिर में पूजा के समय एवं परम्पराओं पर चर्चा की गई।

इसके साथ ही मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की व्यवस्था, प्रोटोकॉल व्यवस्था, मंदिर में नियुक्त कर्मचारियों के मानदेय, मंदिर में विकास कार्य करवाने की प्रकिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री गुप्ता ने आभार प्रदर्शन किया। बैठक में एसडीएम श्री प्रजापति ने ममलेश्वर मंदिर के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी।

बैठक में ये मौजूद थे

बैठक में मांधाता विधायक नारायण पटेल, कमिश्नर इंदौर संभाग दीपक सिंह, कलेक्टर खंडवा ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, नगर परिषद ओंकारेश्वर की अध्यक्ष मनीषा परिहार एवं एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला सहित अन्य अधिकारी तथा मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यगण मौजूद थे।